मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः10.03.2025

थाना को0देहात पुलिस द्वारा 20 लीटर अवैध/अपमिश्रित कच्ची देशी शराब के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार, 05 Kg यूरिया एवं शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरण व सामग्री बरामद —

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'सोमेन बर्मा' द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री, अवैध/अपमिश्रित शराब का निर्माण/बिक्री करने वालो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना को 0देहात पुलिस बल द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई है। आज दिनांकः 10.03.2025 को थाना को0देहात पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना को0देहात क्षेत्रान्तर्गत ग्राम चन्दइपुर से एक नफर अभियुक्त कुन्दन पुत्र मिट्ठू निवासी चन्दईपुर थाना को 0देहात जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से प्लास्टिक की पिपिया में रखी कुल 20 लीटर अवैध/अपमिश्रित कच्ची देशी शराब , शराब को तीक्ष्ण बनाने में प्रयुक्त 05 किग्रा यूरिया एवं शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरण व सामग्री बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना को 0देहात पर मु0अ0सं0-81/2025 धारा 60/60(2)आबकारी अधिनियम व 274 बीएनएस में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त —

1. कुन्दन पुत्र मिट्ठू निवासी चन्दईपुर थाना को0देहात जनपद मीरजापुर।

विवरण बरामदगी —

प्लास्टिक की पिपिया में रखी 20 लीटर अवैध/अपमिश्रित कच्ची देशी शराब, 05 Kg यूरिया एवं शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरण व सामग्री।

पंजीकृत अभियोग —

1.मु0अ0सं0-81/2025 धारा 60/60(2)आबकारी अधिनियम व 274 बीएनएस थाना को0देहात जनपद मीरजापुर।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

उप-निरीक्षक महेश कुमार पाठक मय पुलिस टीम थाना को0देहात जनपद मीरजापुर।